डॉ० राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ०प्र०)
DR. RAMMANOHAR LOHIA AVADH UNIVERSITY, AYODHYA (U.P.)

पत्रांक: लो0अ0वि0 / परीक्षा / 1164 /2020 दिनांक: 10.09.2020

अधिसूचना

एतद् द्वारा सभी सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि कुलपति महोदय के आदेशानुसार **बी0एड0 प्रथम एवं द्वितीय वर्ष –2020 (मुख्य, भूतपूर्व एवं बैक पेपर –2019)** की परीक्षाओं को सम्पन्न कराया जाना है। इस हेतु आनलाइन परीक्षा आवेदन फार्म भराये जाने की अन्तिम तिथि **10-09-2020** निर्धारित है। जिसे दिनांक **17-09-2020** तक विस्तरित की जाती है। तत्सम्बन्धी महाविद्यालयों से अपेक्षा की जाती है कि पूरित आवेदन पत्रों का **आनलाइन** सत्यापन / वेरीफिकेशन **(एन0सी0टी0ई0 के मानकानुसार उपस्थिति पूर्ण होने के उपरान्त)** दिनांक: **18-09-2020** तक करते हुए लॉगिन में उपलब्ध चालान में वर्णित विवरणानुसार परीक्षा शुल्क दिनांक: **21-09-2020** तक जमा कराना सुनिश्चित करें। परीक्षा शुल्क जमा किये जाने के उपरान्त शुल्क का लेखा विभाग से सत्यापन कराकर कालेज लॉगिन में अपलोड कराना सुनिश्चित करें। सत्यापित परीक्षा शुल्क की रसीद कालेज लॉगिन में अपलोड न किये जाने की स्थिति में जॉच पत्र एवं प्रवेश पत्र निर्गत किया जाना सम्भव नहीं होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित संस्थान की होगी। **परीक्षा आवेदन पत्र एवं छात्र / छात्राओं के उपस्थिति विवरण** भी परीक्षा विभाग में दिनांक **22-09-2020** तक जमा कराना सुनिश्चित करें। इस सम्बन्ध में यह भी अपेक्षा की जा रही है कि पूरित परीक्षा आवेदन पत्रों का स्वयं सूक्ष्मता से निरीक्षण कर लें, **अर्हता सम्बन्धी / नाम एवं पिता के नाम में त्रुटि** होने पर सम्बन्धित छात्र एवं महाविद्यालय स्वयं जिम्मेदार होंगे।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

(1) ब्युरो प्रमुख / सम्पादक / संवाददाता ––––––– को इस आशय से प्रेषित कि उपर्युक्त अधिसूचना को अपने सम्मानित समाचार पत्र में जन हितार्थ निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें ।
(2) प्राचार्य / प्राचार्या, सम्बन्धित महाविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि सभी सम्बन्धित परीक्षार्थियों का आनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र को समयान्तर्गत पूरित / वेरीफाई कराने का कष्ट करें।
(3) निजी सचिव कुलपति, कुलपति जी के सूचनार्थ।
(4) उपकुलसचिव / सहायक कुलसचिव / प्रशासनिक अधिकारी,(गोपनीय / परीक्षा / लेखा) ।
(5) वैयक्तिक सहायक वित्तअधिकारी / कुलसचिव, वित्तअधिकारी / कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
(6) मुख्य कुलानुशासक / मीडियाप्रभारी।
(7) प्रोग्रामर, ई0डी0पी0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इस अधिसूचना को विश्वविद्यालय की बेवसाइट एवं कालेज लॉगिन में अपलोड कराने एवं आनलाईन आवेदन पत्र पूरित करने हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें।
(8) कार्यालयीय प्रति / सूचना–पट्।

परीक्षा नियंत्रक